भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 940#

गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/05 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड राज्य में पर्यटन मंत्रालय की योजनाएँ

940# डा. कल्पना सैनीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखंड राज्य में पर्यटन मंत्रालय से संबंधित विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) उक्त योजनाओं से गत एक वर्ष में कुल कितने पर्यटक लाभान्वित हुए है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' योजनाओं के अंतर्गत उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

इसके अतिरिक्त, आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए थी। उत्तराखंड सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

उत्तराखंड राज्य में उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आबंटित निधियों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

उत्तराखंड में वर्ष 2020 से 2022 के दौरान घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) के आंकड़े निम्नानुसार हैं:-

वर्ष	डीटीवी	एफटीवी
2020	7005264	41339
2021	19434475	8532
2022	54642559	61561

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

****

अनुबंध

उत्तराखंड राज्य में पर्यटन मंत्रालय की योजनाएँ के सम्बन्ध में दिनांक 27.07.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 940# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	उत्तराखंड	ईको परिपथ 2015-16	टिहरी झील के आसपास टिहरी-चंबा-सराइन का विकास	69.17
2.	उत्तराखंड	विरासत परिपथ 2016-17	कुमाऊं क्षेत्र - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ-देवीधुरा का विकास	76.32

प्रशाद योजना (करोड़ रुपये में)

राज्य	क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत
उत्तराखंड	1.	केदारनाथ का एकीकृत विकास	2015-16	34.77
	2.	बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	2018-19	56.15
	3.	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का संवर्धन	2021-22	54.36

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता ।

(लाख रुपये में)

राज्य का नाम	वर्ष	मेलों और महोत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि
उत्तराखंड	2017-18	योग महोत्सव	25.00
	2018-19	टिहरी महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव	50.00
	2019-20	अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव और टिहरी महोत्सव	50.00
	2021-22	अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव और टिहरी महोत्सव	50.00
	2022-23	अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव	25.00

****